भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +743

सोमवार, 7 फरवरी, 2022/18 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत इडुक्की और मलंकारा बांध को शामिल करना

+743. एडवोकेट डीन कुरियाकोसः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को केरल राज्य से इडुक्की और मलंकारा बांध को वर्तमान स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत शामिल करने के अनुरोध हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने केरल राज्य के लिए आवंटित स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आध्यात्मिक सर्किट की परियोजना को वापस ले लिया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार को केरल राज्य से इस परियोजना को वापस लेने के उक्त निर्णय पर पुनर्विचार करने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (च): पर्यटन मंत्रालय ने 76.55 करोड़ रु. की राशि से स्वदेश दर्शन की इको परिपथ थीम के अंतर्गत 'पथनमथिट्टा- गावी – वागामोन – थेक्काड़ी के विकास' की परियोजना को स्वीकृति दी है जिसमें इडुक्की में पर्यटन संबंधी घटकों का विकास शामिल है । यह परियोजना भौतिक रूप से पूरी हो गई है । इस योजना के अंतर्गत मलंकारा में किसी परियोजना को स्वीकृति नहीं दी गई है ।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल राज्य में 5 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जिसमें आध्यात्मिक थीम के अंतर्गत 3 परियोजनाएं शामिल हैं ।

'केरल में कासरगोड, वायनाड़, कन्नूर, कोझिकोड, पलक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अल्लपुझा, पटनमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम में आध्यात्मिक परिपथ का विकास' नामक एक परियोजना को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया था । इस परियोजना की बहाली संबंधी राज्य सरकार का कोई भी प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है ।

*****